भाजपा की प्रचंड जीत का श्रेय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के विकास कार्यों को : राठौड़

जयपुर (का.सं.)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने नगर निकाय चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत पर का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकास कार्यों को दिया। राठौड़ ने कहा कि संगठन और सत्ता के बीच बेहतर तालमेल, समन्वय बनाने वाले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भी इस ऐतिहासिक जीत का श्रेय जाता है। अभी एक युद्ध हमने जीत लिया, अब दूसरा युद्ध भी हमारे कार्यकर्ताओं की बदौलत जीतेंगे। कांग्रेसी गलत तरीके अपनाते थे, सदैव अफवाहें फैलाते थे जबकि भाजपा संगठन के बल पर जीत दर्ज करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा को नगर निगमों के साथ-साथ नगर

परिषदों और नगर पालिकाओं में भी जनता का व्यापक समर्थन मिला है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर राजस्थान की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत प्रदेश की आठ करोड़ जनता के आशीर्वाद, भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों पर जनता के विश्वास की जीत है। शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत कर प्रदेश सरकार की योजनाओं और संगठन के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक जीत को भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि को समर्पित करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा पर जो विश्वास जताया है, उस विश्वास पर सरकार पूरी तरह खरा उतरेगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता विकास और जनता के मुद्दों पर राजनीति करने के बजाय जातिवाद और धर्म के आधार पर राजनीतिक समीकरण बैठाने का काम करते हैं। भाजपा जनता के सुख-दुख में भागीदारी निभाती है, जबकि कांग्रेस चुनाव के समय जनता को भ्रमित और बरगलाने का काम करती है। उन्होंने कांग्रेस के सरकार के दुरुपयोग के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि चुनाव शुरू होने से पहले ही कांग्रेस ने सरकार पर आरोप लगाना शुरू कर दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को अपनी जमीन खिसकने का अहसास हो गया था, इसलिए वह पहले दिन से ही आरोप-प्रत्यारोप में जुट गई। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को आरोप लगाने के बजाय अपने शासनकाल और वर्तमान भाजपा सरकार के कार्यों का हिसाब जनता के सामने रखना चाहिए। भाजपा सरकार ने ढाई वर्षों में युवाओं सहित विभिन्न वर्गों के लिए रोजगार और विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। कांग्रेस को अपने पांच वर्ष के कार्यकाल और भाजपा सरकार के ढाई वर्ष के कार्यों की तुलना जनता के सामने करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार झूठ, भ्रम और तुष्टिकरण की राजनीति के माध्यम से जनता को गुमराह करने का प्रयास करती रही है। उन्होंने राजस्थान की जनता से कांग्रेस के बहकावे में नहीं आने का आग्रह किया।

जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

मुकंदगढ़ (प्रा.सं.)। 70वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 19 वर्ष आयु वर्ग विद्यालय छात्र फुटबॉल प्रतियोगिता राजकीय

उच्च माध्यमिक विद्यालय कसेरु ब्लॉक नवलगढ़ के तत्वावधान में राजकीय ग्रासिंग खेल मैदान पर शुरू हुआ। प्रतियोगिता में जिलेभर के विभिन्न विद्यालयों की 28 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कसेरु की प्रधानाचार्य शारदा ने किया। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। जिसमें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कसेरु की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच सरस्वती सी. सै. स्कूल, बलवंतपुरा एवं कृष्णा सी. सै. स्कूल, डुमोली खुर्द के मध्य खेला गया। प्रतियोगिता में जिलेभर से आए खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं तथा विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता का समापन बुधवार, 23 सितंबर 2026 को किया जाएगा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्यालय के प्रधानाचार्य, समस्त स्टाफ, एसडीएमसी-एसएमसी सदस्य एवं ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

गणेशोत्सव पर हुआ संगीतमय सुंदरकांड

डूंगरपुर (प्रातःकाल संवाददाता)। जिलेभर में दस दिवसिय गणेश महोत्सव को लेकर शनिवार व भी पूजा अर्चना अनुष्ठानों के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का दौर जारी रहा। शहर के विभिन्न गली महलो में रात्रि के समय आरती व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नित्य प्रतिदिन परवान को छू रहा है। प्रथम आराध्य गौरीनंदन गणेश की प्रतिमाओं की पूजा कर सेवक द्वारा अर्घ्य चढ़ाये जा रहे है। शहर के प्राचीन मंदिर रोकडिया गणपति, लाभ गणपति व मुरला गणेश मंदिर में प्रतिदिन विशेष आंगी की गई। शहर के विभिन्न पंडालो में स्थापित की गई मृण गजानन की हस्त निर्मित प्रतिमाओ के दर्शन के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं का आना जाना जारी है। शहर के पत्रकार कॉलोनी, हॉ. बोर्ड, घाटी, दर्जीवाड़ा, सुरमो का चोक, शास्त्री कॉलोनी, विजयगंज कॉलोनी, न्यू कॉलोनी, समेत शहर भर में स्थापित गणेश प्रतिमाओ का पूजन किया जा रहा है। शहर के घाटी स्थित इको फ्रेंडली गणेश घाटी मंडल में शनिवार को संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। श्री पवन पुत्र मित्र मंडल के अभिनव श्रीमाली, क्रमांक कंसारा टीम द्वारा देवेंद्र कुंवर भवन घाटी में सुंदरकांड चौपाईयो की।

राजेश चपलोत के खिलाफ जमीन पर कब्जे का मामला

उदयपुर। जिले के फतहनगर थाना क्षेत्र में नगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव के एक दिन पूर्व ही पालिकाध्यक्ष के पद पर निर्दलीय प्रत्याशी ममता चपलोत के पति राजेश चपलोत पर जमीन पर जबरन कब्जे का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार कमलेश पुत्र नंदकिशोर यादव निवासी हिरावास फतहनगर ने राजेश चपलोत व उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया कि उसके पिताजी नंदकिशोर की जमीन सनवाड़ में है। जिसको लेकर राजस्व मंडल अजमेर स्टे दे रखा है। इसके बाद भी राजेश चपलोत उसके परिचित रामेश्वरलाल पुत्र किशोर न्यायालय के आदेश की पालना नहीं कर रहे है। उसने कई बार पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से मदद मांगी पर नहीं मिली। इस के बाद भी राजेश चपलोत, रामेश्वरलाल एवं उसके साथी बाबूलाल गाडरी ने अन्य साथियों के साथ मिलकर सडके बना दी है और प्लोट काट रहे है। साथ ही आरोपियों ने उसके आने-जाने का रास्ता बंद कर दिया। अब ये लोग उसे धमका रहे है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गौरतलब है कि सोमवार को फतहनगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव है और यहां पर राजेश चपलोत की पत्नी ममता चपलोत को मैदान में उतारा है, जिसके पास भाजपा के दो और कांग्रेस के 12 पार्षदों का समर्थन है और एक दिन पूर्व ही राजेश चपलोत के खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया है ताकी उसकी गिरफ्तारी की जा सकें।

जिला स्तरीय फुटबाल व बेडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। खेल जीवन में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेल प्रतिभाओं को उचित मंच उपलब्ध कराने से युवाओ को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। सांसद सी पी जोशी ग्राम

मेड़ी का अमराणा में 14 आयु वर्ग के बालक बालिकाओ की 70 वी जिला स्तरीय चार दिवसीय फुटबाल व बेडमिंटन प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित खिलाड़ियों व ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। अध्यक्षता करते हुए विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने अपने उदबोधन में कहा कि युवाओं को शिक्षा के साथ खेलो से जोड़ना समय की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मिठुलाल जाट, अनिल सुखवाल, सुनीता शर्मा, शैतानसिंह चुण्डावत, लीला शंकर सिंह व आदित्य सीमेंट के सीएसओ धीरेन्द्र सिंह राठौड़ थे। मुख्य निर्णायक देवेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि स्कूल के खेल मैदान में आयोजित 14 आयु वर्ग के बालक बालिकाओ की चार दिवसीय 70वीं जिला स्तरीय फुटबाल व बेडमिंटन प्रतियोगिता में फुटबाल स्पर्धा में छात्र वर्ग की 27 टीमें व छात्रा वर्ग में 14 टीमें भाग ले रही है।

इसी क्रम में बेडमिंटन स्पर्धा में 250 खिलाडियों सहित दोनो ही स्पर्धाओ में कुल 800 छात्र-छात्रा भाग लेकर चार दिवस तक अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगें। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जोशी व अध्यक्षता कर रहे विधायक आक्या सहित समस्त अतिथियो का विद्यालय स्टॉफ द्वारा माल्यार्पण व मेवाड़ी पाग पहनाकर स्वागत किया गया। अतिथियो द्वारा भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन व ध्वजारोहण कर खिलाड़ियो को अनुशासन व टीम भावना से खेलने की शपथ दिलाकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।

इस दौरान उन्होने खिलाड़ियो से परिचय भी प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक पारस टेलर ने किया। इस अवसर नरेश जाट, कुकाराम डांगी, अजय चौधरी, राजमल डांगी, पप्पु लाल डांगी, राधेश्याम डांगी, प्रहलाद सिंह चौहान, भारत सिंह चुण्डावत, मदन सिंह चुण्डावत, राजेन्द्र सिंह, प्रहलाद गुर्जर, प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, शिक्षक व ग्रामीण उपस्थित थे।

अग्रसेन जयन्ती के 9 दिवसीय कार्यक्रमों का आगाज 4 से

भरतपुर (प्रासं)। महाराजा श्री अग्रसेन शोभायात्रा समिति की साधारण सभा की बैठक खिरनी घाट स्थित श्री अग्रवाल भवन पर भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता एवं भरतपुर जिला अग्रवाल युवा महासभा अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल पिंटू के आतिथ्य में हुई, अध्यक्षता समिति अध्यक्ष सुरेश बंसल ने की। महामंत्री विनोद सिंघल ने बताया कि 11 अक्टूबर को प्रात: स्मरणीय अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा श्री अग्रसेन जी के पावन जयंती महोत्सव के अवसर पर समिति के तत्वावधान में होने वाले 9 दिवसीय कार्यक्रमों को भव्यतापूर्वक मनाये जाने हेतु बनायी गयी विभिन्न दायित्व कमेटियों की तैयारियों पर चर्चा कर गति प्रदान करने का सुझाव दिया गया।

शोभायात्रा समिति मंत्री सतीश मित्तल ने बताया कि कार्यक्रमों का आगाज 4 अक्टूबर से अग्र चेतना वाईक रैली से होगा, इस बार 5 अक्टूबर को अग्र डांडिया महोत्सव का विशेष आकर्षित प्रोग्राम शहनाई मैरिज होम में होने जा रहा है, भरतपुर जिला अग्रवाल महिला महासभा द्वारा जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। समिति द्वारा प्रतिवर्ष उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पांच अग्र बन्धुओं का चयन कर अग्रसेन गौरव सम्मान से नवाजा जाता है। इस वर्ष मोहनलाल मित्तल, लक्ष्मी नारायन गुप्ता मुंसरिम, शिक्षाविद सतीश चंद गुप्ता,राम प्रसाद मसाले वाले एवं सतीश बंसल जनूथर जिलाध्यक्ष डीग भाजपा का सर्वसम्मति से चयन किया गया है जिनको 12 अक्टूबर को प्रेम गार्डन मैरिज होम में होने वाले भजन संध्या एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में सम्मानित किया जावेगा।

70वीं जिला स्तरीय स्कूली टेबिल टेनिस एवं बुशु प्रतियोगिता प्रारंभ

भुसावर (प्रासं)। उपखण्ड भुसावर के गॉव सुहारी स्थित राजकीय विद्यालय में 70 वीं जिला स्तरीय टेबिल टेनिस एवं बुशु प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि 70 वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शशीकान्त पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। अध्यक्षता संयोजक हरजीत सिंह प्रधानाचार्य द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में गंभीर सिंह अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी एवं पंचायत प्रशासक गुड्डी देवी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ अतिथि सम्मान करते हुए खिलाडियों को शपथ दिलवाते हुए किया गया। वक्ताओं ने बताया कि टेबिल टेनिस में 30 टीमें एवं बुशु प्रतियोगिता में 12 टीमें भाग ले रही हैं।

सीदपुर में विकास कार्यों पर उठे सवाल, कागजों में नाला जमीन पर गायब

बयाना (प्रासं)। पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सीदपुर में विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में जिन विकास कार्यों के नाम पर सरकारी राशि खर्च होना दर्शाया गया है उनमें से कुछ कार्य मौके पर नजर नहीं आ रहे हैं। सबसे ज्यादा सवाल नाली और नाला निर्माण को लेकर उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी रिकॉर्ड में निर्माण कार्य पूरा दिखाया गया है जबकि मौके पर उसकी स्थिति अलग नजर आती है। आरोप है कि कागजों में नाला या नाली निर्माण दर्शाकर भुगतान किया गया लेकिन जमीन पर निर्माण कार्य दिखाई नहीं देता। इसके अलावा पंचायत क्षेत्र में कराए गए अन्य विकास कार्यों की गुणवत्ता और भुगतान प्रक्रिया को लेकर भी ग्रामीणों ने अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से स्वीकृति कार्यादेश माप पुस्तिका भुगतान रिकॉर्ड और मौके पर भौतिक सत्यापन सहित पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि दस्तावेजों की जांच के साथ मौके पर सत्यापन होने पर वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है।

सारस चौराहे से आगे खूनी कट बना मौत का जाल, सिस्टम की लापरवाही ने ली बुजुर्ग की जान

भरतपुर (प्रासं)। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर सारस चौराहा से आगे कट एक बार फिर मौत का गवाह बना। सोमवार को सुबह हुए दर्दनाक हादसे ने प्रशासन एनएचएआई और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही की पोल खोल दी। एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने स्कूटी सवार बुजुर्ग को कुचल दिया और 100 मीटर तक घसीटता ले गया। मौके पर पहुंची पुलिस और नेशनल हाईवे के कर्मचारियों के द्वारा शव के टुकडों को एकत्रित कर अलग.अलग पॉलिथीन में रखा गया तब जाकर एंबुलेंस के सहयोग से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के वक्त हाईवे पर लंबा जाम लग गया मौके पर पहुंचे यातायात पुलिस कर्मियों ने डायवर्ट कर वाहनों को निकाला। मौके पर मृतक के बच्चे पहुंच गए जो पिता के शव को देख बेसुध हो गए। मृतक की पहचान कैलाश पुरी कॉलोनी निवासी बुजुर्ग ओमप्रकाश के रूप में हुई है जो मुखर्जी नगर में ड्राई क्लीन की दुकान चलाते थे। रोज की तरह दुकान खोलने जा रहे थे लेकिन गलत इंजीनियरिंग से बने इस कट ने उनकी जिंदगी छीन ली।

70वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं हुई शुरु

सीमलवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। पीएमश्री श्री मणीलाल पंड्या राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सीमलवाड़ा तथा ब्राइट डे स्कूल धम्बोला-सीमलवाड़ा में 70वीं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2026-27 का शुभारंभ हुआ।

चार दिवसीय प्रतियोगिता में जिलेभर से 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राएं विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिताओं का समापन 23 सितंबर को दोपहर 1 बजे होगा। क्रिकेट, तैराकी, शतरंज, ताइक्वांडो, लॉन टेनिस और मलखम्ब सहित विभिन्न खेलों में खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उद्घाटन समारोह में राजनीतिक विवाद, समापन में सांसद-विधायक को बुलाने पर सहमति बनी हैं। प्रतियोगिता के उद्घाटन को लेकर पीएमश्री विद्यालय में राजनीतिक विवाद भी सामने आया। विद्यालय की ओर से जारी निमंत्रण पत्रिका में उद्घाटन समारोह में चौरासी के निवर्तमान प्रधान एवं विधायक प्रत्याशी कारीलाल ननोमा को मुख्य अतिथि तथा भाजपा जिला महामंत्री ईश्वरलाल लबाना को अध्यक्ष बनाया गया था। वहीं समापन समारोह में पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा को मुख्य अतिथि और पूर्व विधायक शंकरलाल अहारी को अध्यक्ष के रूप में दर्शाया गया था।

बीएपी पार्टी के कार्य कर्ताओं ने सांसद राजकुमार रोत एव विधायक अनिल को अतिथि के रुप मे शामिल नहीं करने पर विरोध जाताया। समझाइश के बाद समापन समारोह में सांसद राजकुमार रोत एवं विधायक अनिल कटारा को आमंत्रित करने पर सहमति बनी। इसके बाद उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। पीएमश्री श्री मणीलाल पंड्या राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन अतिथियों के समय पर पहुंचने के बावजूद करीब दो घंटे देरी से शुरू हुआ। लंबे समय तक उद्घाटन समारोह का इंतजार करने से खिलाड़ियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मुख्य अतिथि कारीलाल ननोमा एवं अध्यक्ष ईश्वरलाल लबाना ने प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया।

सम्मन बनाम कायम मुकाम

(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)

नाम न्यायालय - अपर जिला जजी सं 2, स्थान- हिण्डौन सिटी जिला करौली

मनोरमा देवी आदि विरुद्ध विजेन्द्र आदि

अपील विरुद्ध आदेश दिनांक 31.01.2024

अपील न. 09/2024 **तारीख पेशी:** 25.09.2026

बनाम:-

मुसम्मी 4/2/1. प्रेम उम्र 26 साल पत्नी स्व. भूपेन्द्र सिंह, जाति जाट, निवासी खेडलीगंडासी, पोस्ट खेडलीगंडासी, तहसील बयाना, जिला भरतपुर (राज.)

4/2/2. गुडिया उम्र 2 साल पुत्री स्व. भूपेन्द्र सिंह, जाति जाट, निवासी खेडलीगंडासी, पोस्ट खेडलीगंडासी, तहसील बयाना, जिला भरतपुर (राज.) नाबालिग जरिये प्राकृतिक संरक्षिका माता प्रेम।

चूँकि:- अपीलान्ट ने इस न्यायालय में दिनांक 14.2.24 को मुकदमा मनोरमा आदि बनाम विजेन्द्र आदि में यह आदेहन किया है कि मुकदमा के रेस्पोडेन्ट भूपेन्द्र सिंह अपील के विचाराधीन फौत हो गये है और चूँकि अपीलान्ट मनोरमा आदि मजकूर ने दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर किया है कि आप मुतवफ्फी मृतक भूपेन्द्र सिंह मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस दुआ की है कि बजाय उनके आप को पक्षकार रेस्पोडेन्ट बनाये जावे।

लिहाजा बजरिये हाजा वगार्ज जवाब देही आपको **दिनांक 25 माह 09 सन् 2026 को दिन में** 10.30 **AM** को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिये तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजरी में सुनावे फैसल किया जावेगा।

बसबब मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज ता. 15 माह 09 सन् 2026 को जारी किया गया है।

मोहर

जिला एवं सेशन न्यायाधीश
हिण्डौन सिटी (करोली)

पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद

(सर्वेक्षण एवं निर्माण)

निविदा सूचना का शुद्धिपत्र संख्या-1

निविदा संख्या: CAO-C-ADI-PGMS-WR-01. कार्य का नाम: पश्चिम रेलवे के CAO/C/ADI के अधीन निर्माण संगठन में नई रेल लाइन, मल्टीट्रेकिंग, गेज परिवर्तन, विद्युतीकरण एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों आदि के लिए परियोजना सामान्य प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने हेतु प्रस्ताव हेतु अनुरोध (RFP), 60 माह की अवधि के लिए। उपरोक्त ई-निविदा की निविदा सूचना में निम्नलिखित परिवर्तन किया गया है। उक्त ई-निविदा को पहले 07-10-2026 को खोला जाना निर्धारित था, जिसे अब 14-10-2026 को खोला जाएगा।

क्र.सं.	विषय	वर्तमान	इस प्रकार पढ़ा जाए
1	बोली जमा करने की अंतिम तिथि	07-10-2026 को 15.00 बजे	14-10-2026 को 15.00 बजे

यह निविदा दस्तावेज का एक भाग होगा। अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

No.: ADI/III/PGMS/Corr./01 दिनांक: 21-09-2026 **CPM 072**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • **हमें फॉलो करें:** x.com/WesternRly

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर

नगर निगम मुख्यालय, गांधी मैदान के पास, रायपुर (छ.ग.)

फोन.नं. 0771-2535780, 90, फैक्स : 0771-2227395

ई-मेल ; sbmrmc2025@gmail.com

1/372091/2026/SBM/RMC/2026 Raipur, 16-09-2026

छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पत्र क्र. GENS-2101/1265/2026-UAD/260684 दिनांक 11.09.2026 में प्राप्त अनुमोदन के परिपालन में नगर निगम रायपुर को चार क्लस्टरों में विभाजित कर स्वच्छता कार्य 05 वर्ष हेतु निविदा आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

System Tender No.	Name of work	Estimated Value in Rs.
199509 199508	Request For Proposal (RFP) "Selection of Agency for Undertaking GIS and GPS-Based Road Sweeping, Public Place Cleaning, Drain Cleaning, Transportation of Sanitation Waste and Integrated Sanitation Services in North Cluster of Raipur Municipal Corporation for next 5 years, extendable thereafter"	1,11,36,29,648.00 1,68,72,87,524.00
199506	Request For Proposal (RFP) "Selection of Agency for Undertaking GIS and GPS-Based Road Sweeping, Public Place Cleaning, Drain Cleaning, Transportation of Sanitation Waste and Integrated Sanitation Services in WEST Cluster of Raipur Municipal Corporation for next 5 years, extendable thereafter"	2,21,19,06,122.00
199507	Request For Proposal (RFP) "Selection of Agency for Undertaking GIS and GPS-Based Road Sweeping, Public Place Cleaning, Drain Cleaning, Transportation of Sanitation Waste and Integrated Sanitation Services in RURAL Cluster of Raipur Municipal Corporation for next 5 years, extendable thereafter"	1,29,86,89,011.00
	Request For Proposal (RFP) "Selection of Agency for Undertaking GIS and GPS-Based Road Sweeping, Public Place Cleaning, Drain Cleaning, Transportation of Sanitation Waste and Integrated Sanitation Services in SOUTH Cluster of Raipur Municipal corporations for next 5 years, extendable thereafter"	

अपर आयुक्त
नगर पालिक निगम
रायपुर (छ.ग.)

Clean City, Green City, Dream City

Indiabulls ASSET RECONSTRUCTION

इंडियाबुल्स एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड.

CIN: U67110MH2006PLC305312

कॉर्पोरेट ऑफिस: वन इंटरनेशनल सेंटर, टावर-1, चौथी मंजिल, सेनापति बापट मार्ग, एलफिंस्टन रोड, मुंबई- 400013 ईमेल: amit.t36@indiabulls.com फोन: (0124) (6681212) | अधिकृत अधिकारी का मोबाइल नंबर: +91 9619678444

(सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना)

इसके द्वारा उधारकर्ता/गारंटर/गिरवी रखने वालों और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे बताई गई संपत्तियां सुरक्षित लेनदार, यानी इंडियाबुल्स एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के पास गिरवी/चार्ज की गई हैं। इनका कब्ज़ा इंडियाबुल्स एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 13(4) के तहत लिया गया था, इन्हें नीचे उल्लिखित बकाये और लागू ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए नीचे बताए अनुसार ई-नीलामी में बेचा जाना है।

नीचे बताई गई संपत्ति को **'जैसा है, जहाँ है', 'जैसा है, वैसा है' और 'जो कुछ भी है, उसी स्थिति में'** के आधार पर बेचा जा रहा है। यह बिक्री 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) नियम' (जिन्हें आगे 'नियम' कहा जाएगा) के नियम 8 और 9 के तहत, नीचे दी गई बकाया राशि की वसूली के लिए की जा रही है। ई-नीलामी से जुड़ी जानकारी नीचे दी गई है:

उधारकर्ता / गारंटर / बंधककर्ता का विवरण	मैसर्स नीलम एजेंसी (उधारकर्ता) / श्री हेमंत कुमार कलवानी (सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता) / श्रीमती कुमकुम कलवानी (सह-उधारकर्ता)
13(2) नोटिस के अनुसार 31.12.2024 तक देय कुल राशि	**रु. 3,69,13,809.63/-** (तीन करोड़ उनहत्तर लाख तेरह हज़ार आठ सौ नौ रुपये और तिरसठ पैसे मात्र) 31-12-2024 तक
कब्ज़े की प्रकार	सामने की दो कमर्शियल दुकानों को छोड़कर बाकी सब पर भौतिक कब्ज़ा है।
संपत्तियों पर भारों का विवरण	ARC को इसकी जानकारी नहीं है
मुकदमें	DRT, जयपुर के समक्ष निर्णय के लिए लंबित प्रतिभूतिकरण आवेदन (SAs) संख्या 819/2025 और 815/2025.

अचल संपत्तियों का विवरण

लोट नं.	अचल संपत्तियों का विवरण	आरक्षित राशि	अचल संपत्तियों का विवरण
1.	श्री हेमंत कुमार कलवानी के स्वामित्व का आवासीय क्वार्टर संख्या 701, सिंधी कॉलोनी, राजा पार्क, आदर्श नगर, जयपुर-302004, राजस्थान, कुल क्षेत्रफल 222.95 वर्ग मीटर, जिसमें से आवासीय क्षेत्रफल 198.70 वर्ग मीटर तथा व्यावसायिक दुकानों का क्षेत्रफल 24.25 वर्ग मीटर है।	रु. 3,53,55,000/- (तीन करोड़ तिरपन लाख पचपन हज़ार रुपये मात्र)	रु. 35,35,500/- (पैंतीस लाख पैंतीस हज़ार पाँच सौ रुपये मात्र)

नीलामी से जुड़ी जानकारी नीचे दी गई है:

नीलामी की तारीख और समय	11:00 **AM** से 1:00 **PM** 27.10.2026 **नोट -** हर लॉट की नीलामी के लिए आखिरी बोली से 5 मिनट का अनलिमिटेड एक्सटेंशन दिया जाएगा।
ऑनलाइन नीलामी वेबसाइट	**https://www.bankeauctions.com**
बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि	26.10.2026 को शाम 5:00 बजे या उससे पहले
न्यूनतम बोली वृद्धि राशि	1 लाख रुपये
अधिकृत अधिकारी का संपर्क विवरण	श्री अमित त्रिपाठी मोबाइल नंबर +91-9619678444 amit.t36@indiabulls.com

ई-नीलामी से जुड़ी जानकारी नीचे दी गई है:

नीलामी एजेंसी का नाम	मेसर्स C 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
ऑनलाइन नीलामी वेबसाइट	**https://www.bankeauctions.com**
संपर्क व्यक्ति	श्री मितलेश कुमार, मोबाइल नंबर +91-7080804466
सपोर्ट लैंडलाइन नंबर	0124-4302020 / 2021 / 2022 / 2023 / 2024
ई-मेल पता	support@bankeauctions.com

हस्ताक्षर/- अधिकृत अधिकारी
दिनांक: 22.09.2026 **इंडियाबुल्स ARC लिमिटेड**
स्थान: मुम्बई **इंडियाबुल्स ARC – XIV ट्रस्ट के ट्रस्टी के तौर पर कार्य करते हुए**

RBL BANK *apno ka bank*

आरबीएल बैंक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: प्रथम लेन, शाहूपुरी, कोल्हापुर-416001
शाखा कार्यालय: संपत्ति संख्या 1, प्रथम तल, मोदी मिल्स के सामने, ओखला फेज-3, नई दिल्ली-110020

सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत नोटिस का प्रकाशन

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता जिन्होंने बैंक से प्राप्त ऋण/ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज की अदायगी में चूक की है और जिनके ऋण खातों को गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उन्हें वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सरफेसी अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए हैं।

क्र. सं.	उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता का नाम और पता	ऋण खाता सं.	लागू की जाने वाली संपत्तियां/ सुरक्षित परिसंपत्तियों का पता का विवरण	नोटिस की तिथि देय राशि रु. में
1.	**स्व. प्रेम शंकर सुमन के विधिक वारिस/प्रतिनिधिगण**, वार्ड नं. 2, पुलिया बस स्टैंड, कोटा डोरिया पार्क के सामने, कैथून, कोटा-325001 (राजस्थान)। **अन्य पता:** स्व. प्रेम शंकर सुमन के विधिक वारिस/प्रतिनिधिगण, मकान नं. 191, संजय नगर, भीमपुरा, कैथून, कोटा-325001 (राजस्थान)। **अन्य पता:** स्व. प्रेम शंकर सुमन के विधिक वारिस/प्रतिनिधिगण, मकान पट्टा संख्या 01142, ग्राम पंचायत भीमपुरा, पंचायत समिति लाडपुरा, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा, राजस्थान-325001.	8090077 01732	'प्रॉपर्टी/मकान पट्टा नंबर 01142, ग्राम पंचायत, भीमपुरा, पंचायत समिति लाडपुरा कोटा, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा, राजस्थान 325001 एरिया माप क्षेत्र 900 वर्ग फिट **सीमाएं:-** **